# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार चेहल्लुम के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी कार्यालय शोहरतगढ़ पर संभ्रांत व्यक्ति तथा धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय शोहरतगढ़ पर आज दिनांक 03.08.2026 को थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के मौलवी/धर्मगुरुओ एवं संभ्रांत व्यक्तियों, की उपस्थिति में आगामी त्यौहार चेहल्लुम को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु क्षेत्राधिकारी कार्यालय शोहरतगढ़ पर पीस कमेटी की बैठक में सभी से वार्ता कर उच्च-अधिकारीगण व शासन से प्राप्त आदेशों -निर्देशों से अवगत कराते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मलगवा में दिव्यांगजन के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत आज दिनांक 03.08.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम मलगवा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान दिव्यांगजन से संपर्क कर हाल-चाल पूछते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में बताया गया तथा पुलिस की मदद हेतु टोल फ्री नंबर के संबंध में बताया गया। उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆थाना कपिलवस्तु कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भरवालिया में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में जनसंवाद/गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी ।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 03/08/2026 को थाना कपिलवस्तु के ग्राम भरवालिया में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है, तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं ।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई ।

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधुबनी मे वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 03.08.2026 को थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मधुबनी में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक के बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 विजय प्रताप यादव

02.हे0का0 आत्मानंद नायक

03.का0 विजय

04.म0का0 अंजू वर्मा, काजल अग्रहरि

# **<u>प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>**

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 03.08.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 02, पारिवारिक विवाद 05, तथा शेष 05 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान वांछित/वारण्टी के क्रम में आज दिनांक 03.08.2026 को क्रि0के0सं0-901124/2003 , अपराध संख्या 69/2000 , राज्य बनाम टिहूल  आदि 03 नफर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित  वारण्टी 01.दयाराम पुत्र रामप्यारे 02. खेमराज पुत्र रामप्यारे निवासीगण ग्राम नेतपुर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण :-**

01.दयाराम पुत्र रामप्यारे निवासी ग्राम नेतपुर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

2. खेमराज पुत्र रामप्यारे निवासी ग्राम नेतपुर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

01.उ0नि0  शारदा प्रसाद

02.उ0नि0 लालचन्द यादव

03.का0 चन्द्रजीत यादव

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत मिशन मजनू के तहत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.08.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो के तहत थानाक्षेत्र जोगिया उदयपुर के जोगमाया मंदिर , सुपाराज़ा , जोगिया उदयपुर बाजार,सनई चौराहा, मधुकरपुर ,साड़ी तिराहा, सिंहेश्वरी मंदिर आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

2. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या

03.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विद्यालय मे चोरी की घटना का किया गया अनावरण, चोरी का का सामान व घटना में प्रयुक्त आटो रिक्शा बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रसांत कुमार प्रसाद , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में तथा विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष थाना कपिलवस्तु के नेतृत्व में आज दिनांक 03.08.2026 को थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 62/2026 धारा 331(2),305(E),317(2) B.N.S से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्तगण को ग्राम मदरहना उर्फ रामनगर टोला मटियरिया राजे डिहवा बाग के पास से गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया गया आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

(1) प्रेमशंकर उर्फ प्रिन्स कन्नौजिया पुत्र चन्द्र प्रकाश कन्नौजिया निवासी ग्राम बढया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

(2) रोहित चौधरी पुत्र शम्भू चौधरी निवासी चकईजोत थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

(3) रोहित चौधरी उर्फ टकलू पुत्र कोठारी निवासी चकई जोत थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तगण से कडाई से पूछताछ करने पर बताये कि हम चारो लोग मित्र है तथा दिनांक 31/07/2026 की रात्रि मे कम्पोजिट विद्यालय चकईजोत मे विद्यालय के कमरे का ताला तोडकर विद्यालय का सामान चोरी किये थे तथा इसी आटो से चोरी का सामान कम्पोजिट विद्यालय चकईजोत से ले गये थे तथा आज हम लोग चोरी का सामान इसी आटो से लेकर खुनवा बार्डर के रास्ते नेपाल राष्ट्र मे बेचने हेतु हम सभी लोग जा रहे थे कि आप लोगो द्वारा पकड लिया गया तथा एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया।

**बरामदगी का विवरण....**

एक अदद लैपटाप, 02 अदद टैबलेट, 01 अदद टूयबलर बैट्री, 01 अदद इनवर्टर, 02 अदद माइक्रोस्कोप, 11 अदद माइक्रो हेड फोन, 01 अदद प्रिटर, 02 अदद वायर लेस की बोर्ड, 01 अदद आप्टिक फाइवर सेट, 01 अदद डेस्क टाप मय मानिटर व सी0पी0यू0 व बैटरी 04 अदद साउण्ड सिस्टम, 02 अदद साइन्स किट व चोरी की घटना में प्रयुक्त वाहन एक अदद आटो रजिस्ट्रेशन नं0 UP53FT7469

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 अनिरुद्ध सिंह चौकी प्रभारी बजहा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
2. उ0नि0 सदरूल आलमीन थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
3. का0 प्रदुमन यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
4. का0 राजकमल यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
5. का0 राहुल कुमार शर्मा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना गोल्हौरा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के रमवापुर कली व किसुंधरपुर मे वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष रामदेव की नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 03/08/2026 को थाना गोल्हौरा कम्युनिटी पुलिसिंग टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम–रमवापुरकली व किसुंधरपुर में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।
गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक एवं दिव्यांग जन से उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।
इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना गोल्हौरा-**

01-उ0 नि0 नंदलाल यादव

02-हे0का0कपिलदेव बौद्ध

03-म०आ०शीला पटेल

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि 2000/- रुपये को MRM पोर्टल के माध्यम से थाना मिश्रौलिया साइबर सेल  द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया -**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक-08.03.2026 को आवेदक रियाज अहमद पुत्र महबुल्लाह साकिन सेखुईया  थाना  मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या-23103260044830 के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था । जिस पर थाना मिश्रौलिया साइबर सेल टीम व  बैंक के समन्वय से आवेदक रियाज अहमद  उपरोक्त के फ्राड धनराशि 2000/- रुपये को MRM Portal के माध्यम से पीड़ित के खाते  में  दिनांक 01/08/2026  को उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण-**

1. मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
2. उ0नि0 छविनाथ राम  थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
3. का0 आशुतोष सिंह साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
4. का0 आकाश कुमार साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
5. म0आ0 अनुराधा गुप्ता साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पकड़ी मे वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 03.08.2026 को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पकड़ी में कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं को जाना गया तथा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया, इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# **प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना जोगिया उदयपुर कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (C.P.U.) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हरैया में वरिष्ठ नागरिको के साथ जन-जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अभिषेक महाजन के निर्देशन में वृद्धजनों एवं असहाय महिला/पुरुषों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.08..2026 को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेन्दु सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर श्री अभय सिंह के नेतृत्व में थाना जोगिया उदयपुर की कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (C.P.U.) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हरैया में जन-जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजन, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों एवं किशोर/युवाओं के साथ चौपाल आयोजित कर उन्हें कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा, बाल अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति, यातायात नियमों के पालन तथा सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि यदि वे किसी भी प्रकार के साइबर अपराध के शिकार होते हैं तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, आपराधिक गतिविधि अथवा घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस एवं आपातकालीन सेवा डायल-112 पर देने हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न प्रचलित हेल्पलाइन नम्बरों की भी जानकारी प्रदान की गई। अभियान के अंतर्गत 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का नाम, पता एवं संपर्क विवरण संकलित कर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट का मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराया गया। उन्हें आश्वस्त किया गया कि "उत्तर प्रदेश पुलिस आपके द्वार एवं आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। " ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पुलिस एवं जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत होती है तथा इस प्रकार के अभियान निरंतर संचालित किए जाने चाहिए।

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण)/आपरेशन मजनू अभियान के क्रम में थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बेलवा में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में ग्राम बेलवा में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदना, योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**थाना लोटन मिशन शक्ति टीम का विवरण-**

हे०का० संजय गुप्ता

म०का० नेहा तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के टीचर कालोनी की बालिकाओं/महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी एवं ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 03.08.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के टीचर कालोनी की बालिकाओं/ महिलाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा  उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन  पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व ऑपरेशन मजनू के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव

02.हे0का0 अविनाश सिंह

03.म0का0 उर्मिला देवी

04.म0का0 साक्षी सिंह

05.म0आ0 रूबी दुबे

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गौरीपाठक डीह में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 03/08/2026 थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम गौरीपाठक डीह में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या के बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत "मिशन मजनू" के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर थाना परिसर में महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 03.08.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर थाना परिसर में महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया । जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम-**

1.उ0नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय

2. हे0का0 धनन्जय दूबे

3.रि0म0आ0 रुचि

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत "मिशन मजनू" के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम- पुरैना की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह थाना भवानीगंज के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम-पुरैना की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति व "मिशन मजनू" अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम जनपद सिद्धार्थनगर –**

1.उ0नि0 वीरेंद्र कुमार
2.हे0का0 रामभजन गौड़
3.का0 मनु कुमार साह
4.रि0का0 अभिषेक कुमार
5.म0हे0का0 छाया देवी
6.म0का0 रेनू

# प्रेस नोट दिनांक 03.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर द्वारा आगामी त्यौहार चेहल्लुम, श्रावण मास तथा बारावफात के दृष्टिगत थाना क्षेत्र त्रिलोकपुर के संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ चौकी बिजौरा पर पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में श्रीमान क्षेत्राधिकारी श्री बृजेश कुमार वर्मा व प्रभारी निरीक्षक श्री हरेकृष्ण उपाध्याय के उपस्थिति में आज दिनांक 03.08.2026 को थाना स्थानीय के चौकी बिजौरा पर आगामी त्यौहार चेहल्लुम, श्रावण मास तथा बारावफात के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न ग्रामो के त्यौहार चेहल्लुम, श्रावण मास तथा बारावफात के आयोजकों, ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियो, धर्मगुरुओं/सदस्यों, मौलवी ,ग्राम प्रहरी, के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन/उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया,आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।